भारत सरकार

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

हिंदी प्रश्न पत्र -1 (सहा. का. अभि.)

अप्रैल वर्ष 2022

******

समय: 3 घण्टे पूर्णांक: 100

प्रश्न 1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें :- (अंक-20)

(क) मोबाइल फोन का बढता प्रयोग एवं उसका समाज पर प्रभाव।

(ख) प्लास्टिक के बढते प्रयोग का पर्यावरण पर दुष्प्रभाव तथा प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने के उपाय।

(ग) देश की प्रगति में महिलाओं का योगदान।

(घ) कोविड-19 का पूरे विश्व पर प्रभाव एवं उस कारण बदलती जीवनशैली।

प्रश्न 2. अधीनस्थ कार्यालय से कुछ नए पद बनाने और कुछ पहले से विद्यमान पदों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। यहां काम इतना अधिक बढ़ा नहीं मालूम होता कि इतने पद बनाए जाएं। देश में आर्थिक संकट भी है और नए पद बनाने पर रोक लगी है। अधीनस्थ कार्यालय को पत्र लिखना है कि वर्तमान पदों से ही बढ़ा हुआ काम संभालें। (अंक-10)

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों का शुद्ध रूप लिखें :- (अंक-10)

1- बहुत से रूस के विद्वान यहाँ आये हैं।
2- उसने एक मोती का हार खरीदा।
3- यह भूगोलिक सिद्धान्त है।
4- यह इतिहासिक घटना है।
5- उसके हाथों में बेड़ियाँ पड़ी हैं।
6- मुझे आशा है कि मैं फेल कर जाऊँगा।
7- अपनी गलती के कारण वह दण्ड देने योग्य है।
8- शत्रु उसपर टूट गये।
9- उसपर सुख के पहाड़ टूट पड़े।
10- श्रीसिंह मेरे अपने पिता हैं।

प्रश्न 4. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करें जिससे उनके अर्थ स्पंष्ट हो सकें। (अंक-20)

1- चिराग तले अंधेरा
2- उल्लू सीधा करना
3- आसमान के तारे तोड़ना
4- टेढ़ी खीर
5- आँखो का तारा
6- अँगूठा दिखाना
7- आटे-दाल का भाव मालूम होना
8- एक आँख से देखना
9- कागज काला करना
10- कान खड़े होना

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यावाची शब्द लिखें। (अंक-5)

1- अनुपम 2- पृथ्वी 3- बिजली 4- मेघ 5- समूह

प्रश्न 6. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें। (अंक-5)

1- जो मानव-प्रकृति के विपरीत हो
2- किसी विशेष वस्तु की हार्दिक इच्छा
3- जिस वस्तु का मूल्य कोई दे ही न सके
4- काम करने की उमंग
5- दूसरे की सफलता पर मन में जलन

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें। (अंक-10)

1- अनुरक्ति 2- उन्नति 3- दीर्घायु 4- आश्रित 5-आधुनिक
6- एकता 7- गृहस्थ 8- दृश्य 9- पूर्णिमा 10- साकार

प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाएं जिससे उनके अर्थ स्पष्ट हो सकें। (अंक-10)

1- (क) अन्न (ख) अन्य
2- (क) अपेक्षा (ख) उपेक्षा
3- (क) आदि (ख)आदी
4- (क) कर्म (ख) क्रम
5- (क) कृपण (ख) कृपाण

प्रश्न 9. निम्नलिखित वाक्यांशों के हिंदी प्रर्याय लिखें। (अंक-10)

1- on the subject noted above
2- preliminary proceedings
3- put up for perusal please
4- relevant papers be put up
5- remarks of the head of the department